**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**अनुसंधान भवन, 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**

**सीएसआईआर, सीएसआईआर-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एएमपीआरआई), भोपाल के निदेशक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।**

सन 1942 में स्थापित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संगठन है। देश का एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन होने के नाते, प्रारंभ से ही सीएसआईआर विविध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा नवाचार आधारित अंतराक्षेपों के माध्यम से तकनीकी-सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है। 37 अत्याधुनिक घटक प्रयोगशालाओं के साथ, आज सीएसआईआर विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित उन्नत वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संगठनों में से एक है। सीएसआईआर की विशेषज्ञता और अनुभव इसके लगभग 3,500 वैज्ञानिकों और 4,000 वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोगी कार्मिकों के अतिरिक्त लगभग 9,000 जेआरएफ/एसआरएफ/आरए तथा परियोजना स्टाफ में सन्निहित है। सीएसआईआर प्रतिवर्ष पीयर रीव्यूड अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों (एससीआई) में 5,000 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित करता है। वर्तमान में, सीएसआईआर के पास भारत में प्रवृत्त 1,234 विशिष्ट पेटेंटों का पेटेंट पोर्टफोलियो है, जिनमें से 263 पेटेंट/पेटेंट आवेदनों को उद्योग जगत को लाइसेंसीकृत/सौंप दिया गया है। सीएसआईआर के पास विदेशों से प्रदान किये गये 1,365 प्रवृत्त पेटेंट भी हैं।

शिमागो इंस्टिट्यूशंस रैंकिंग वर्ल्ड रिपोर्ट 2023 के अनुसार, सीएसआईआर विश्व के 1747 सरकारी संस्थानों में 61वें स्थान पर है और शीर्ष के 100 वैश्विक सरकारी संस्थानों में एकमात्र भारतीय संगठन है। इसके अतिरिक्त, 384 सरकारी संगठनों में से सीएसआईआर को अनुसंधान में 7वीं रैंक और एशिया में सामाजिक श्रेणी में चौथी रैंक प्राप्त है। सरकारी संस्थानों में सीएसआईआर समग्र अनुसंधान और सामाजिक श्रेणियों में प्रथम स्थान पर देश का नेतृत्व करता है। सीएसआईआर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें विकसित करने के साथ ही भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था में प्रवेश कराया है। सीएसआईआर को यह गौरव प्राप्त है कि भारत के माननीय प्रधान मंत्री उसकी सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में पदस्थ हैं। सीएसआईआर ने इस अवधि में अनेक प्रौद्योगिकियों का विकास किया है और वर्तमान में देश के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकीय मोर्चों पर काम कर रहा है।

सीएसआईआर, सीएसआईआर-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एएमपीआरआई) भोपाल में निदेशक के प्रतिष्ठित पद के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है, ताकि सीएसआईआर के कल्पित विजन और मिशन, जिसमें पर्यावरण और सामाजिक लाभों सहित आर्थिक विकास को सम्मिलित करते हुए देश के सतत विकास के लिए एस, टी और आई नेतृत्व प्रदान करना शामिल है, में भाग लिया जा सके और योगदान दिया जा सके।

**सीएसआईआर-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एएमपीआरआई), भोपाल** ने पदार्थ विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीएसआईआर-एएमपीआरआई के अनुसंधान एवं विकास पर फोकस में निम्नांकित शामिल हैं : हल्के धातु/फोम सामग्री और कंपोजिट्स, ग्रेफीन और अन्य 2डी सामग्री सहित उन्नत पदार्थ, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग/3डी प्रिंटिंग, बायोमिमेटिक और बायो-मटीरियल, नैनो-मटीरियल्स और फंक्शनल मटीरियल्स, एंटीमाइक्रोबियल मटीरियल्स और कोटिंग्स, अपशिष्ट से मूल्य वर्धित सामग्री, सुरक्षित पेयजल और बांस आधारित उत्पादों सहित ग्रामीण प्रौद्योगिकियाँ। सीएसआईआर-एएमपीआरआई विभिन्न लक्षित समूहों की आवश्यकता के अनुरूप डिजाइन किए गए अनेक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए औद्योगिक, रणनीतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय अनुप्रयोगों हेतु सामग्रियों और प्रक्रियाओं की व्यवस्था का प्रबंध करने का प्रयास करता है।

संस्थान के विषय में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://www.ampri.res.in वेबसाइट देखें।

**अर्हता, अनुभव एवं आयु : –**

**अनिवार्य अर्हता** : नेचुरल साइंसेज़ में पीएच.डी. अथवा इंजीनियरिंग में परास्नातक (मास्टर्स) डिग्री (इंजीनियरिंग के लिए, पीएच.डी. ऐच्छिक है)।

**आयु:** 45 वर्ष अथवा उससे अधिक किन्तु 56 वर्ष से अधिक नहीं।

**अनुभव:** प्रयोगशाला/संस्थान/केंद्र की गतिविधियों के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास (ट्रांस्लेशनल रिसर्च पर फोकस सहित) में कम से कम 16 वर्ष का अनुभव और उसके अंतर्गत नेतृत्व में उत्कृष्टता का प्रदर्शन।

अनुभव के वर्षों की गणना उम्मीदवार के अनुसंधान कैरियर की शुरुआत से की जाएगी।

**छूट:** महानिदेशक, सीएसआईआर के अनुमोदन से असाधारण रूप से मेधावी उम्मीदवारों के मामले में अर्हता, आयु और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**उम्मीदवार:** उम्मीदवर रचनात्मक, नवोन्मेषी और सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद् हो,जिसमें उत्कृष्ट पारस्परिक संबंधों के साथ बहुविषयक अनुसंधान एवं विकास टीमों के प्रबंधन की सिद्ध क्षमता हो। उम्मीदवार ने बौद्धिक सम्पदा और प्रकाशनों के सृजन के अतिरिक्त प्रौद्योगिकी विकास के संदर्भ में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। वह उच्च श्रेणी के अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में सक्षम हो।

**जिम्मेदारियां:** निदेशक संस्थान के कर्मचारियों का पर्यवेक्षण करेगा एवं उन पर प्रशासनिक नियंत्रण रखेगा तथा (i) संस्थान के मिशन को साकार करने, और (ii) सामाजिक/औद्योगिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रयोगशाला/संस्थान के नवाचार व उच्च श्रेणी के अनुसंधान एवं विकास तथा अन्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने हेतु जिम्मेदार होगा।

**नियुक्ति:** निदेशक के पद पर नियुक्ति छह वर्ष की अवधि अथवा अधिवार्षिता तक, जो भी पहले हो, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 15 (1,82,200– 2,24,100 रुपये) में स्वीकार्य भत्तों के साथ की जाएगी। कार्यकाल की अवधि केवल असाधारण मामलों में ही नवीनीकृत की जाएगी। निदेशक को सीएसआईआर में निदेशक ग्रेड वैज्ञानिक अर्थात वैज्ञानिक 'एच'/उत्कृष्ट वैज्ञानिक के रूप में आमेलन/नियुक्ति के लिए नियमों के अनुसार विचार किया जा सकता है।

**लाभ:** मौजूदा नियमों के अनुसार बाह्य अनुबंध अनुसंधान एवं विकास, परामर्श और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करने से प्राप्त धन को साझा करने का प्रावधान भी उपलब्ध है। नियमानुसार आवासीय सुविधा और परिवहन प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सीएसआईआर नियमों के अनुसार चिकित्सा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**आवेदन कैसे करें:** पद के लिए आवेदन/नामांकन विस्तृत बायो–डेटा के साथ वैज्ञानिक और ट्रांसलेशनल योगदानों पर प्रकाश डालते हुए प्रकाशनों/पेटेंट आदि की सूची के साथ ईमेल आईडी **drc@csir.res.in** पर ईमेल के माध्यम से अथवा निदेशक भर्ती प्रकोष्ठ, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001 को डाक द्वारा भेजें। नीचे दिए गए प्रोफ़ॉर्मा में संक्षिप्त बायो–डेटा भी भेजें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **15 नवंबर, 2024** है।

**बायो डेटा हेतु प्रारूप**

1. प्रयोगशाला का नाम जिसके लिए आवेदन/नामांकन किया गया है:
2. नाम:
3. जन्म की तारीख:
4. वर्तमान पद एवं पता:
5. शैक्षणिक अर्हता:
6.

| क्रम सं. | डिग्री/प्रमाणपत्र | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विश्वविद्यालय/संस्थान | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

7. शैक्षणिक/अनुसंधान अनुभव/सेवा नियोजन

| क्रम सं. | से | तक | संगठन का नाम | धारित पद |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. विशेषज्ञता के क्षेत्र:
9. प्राप्त सम्मान/पुरस्कार/मान्यताएं:
10. व्यावसायिक संबद्धताएं:
11.

(क) लोकप्रिय लेखों सहित शोध प्रकाशनों की सूची, यदि कोई हो;

(ख) वर्तमान विशेषज्ञता क्षेत्र के लिए प्रासंगिक पिछले 10 वर्षों में सर्वोत्तम व्यावसायिक आउटपुट/परिणामों की सूची;

(ग) विशेषज्ञता के क्षेत्र में योगदानों सम्बन्धी मुख्य बातें

12. * लिखी गई/संपादित पुस्तकों की संख्या:

13.क) स्वीकृत/आवेदित पेटेंटों/कॉपीराइट्स/ट्रेड मार्क/आईपीआर की संख्या और ट्रांस्लेशनल रिसर्च सम्बन्धी योगदानों की मुख्य विशेषताएं:

ख) विकसित, लाइसेंसीकृत और/अथवा वाणिज्यीकृत प्रौद्योगिकियाँ, विवरण सहित।

14. पर्यवेक्षित शोध प्रबंध:
 क) पीएच.डी.
 ख) स्नातकोत्तर

15. सीएसआईआर–एएमपीआरआई के प्रमुख के रूप में अपने दृष्टिकोण (विजन) का 1–2 पृष्ठ का सारांश

16. उच्च प्रतिष्ठा वाले 5 पेशेवर रेफरियों की सूची जिनके साथ अभ्यर्थी ने विगत में बातचीत की हो।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि ऊपर दी गई समस्त सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है।

आवेदक के हस्ताक्षर

तारीख:
स्थान:

* विवरण अलग से संलग्न किया जाए

आवेदकों से यह भी अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए प्रो–फॉर्मा को वर्ड फाइल प्रारूप में भरें और उसे संबंधित पदों के लिए अपने आवेदन के साथ भेजें:

| नाम , पता और जन्म तिथि | अर्हता एवं विशेषज्ञता | अनुभव (कालानुक्रमिक क्रम में) | सम्मान/ पुरस्कार | प्रकाशन/पेटेंट आदि की संख्या | 05 रेफरियों की सूची |
|---|---|---|---|---|---|